Title: Provided Information regarding death of member Shrimati Phoolan Devi, M.P.

गृह मंत्री (श्री लाल कृण आडवाणी) : अध्यक्ष महोदय, सदन को सूचना देते हुए मुझे भारी अफसोस हो रहा है कि मिर्जापुर से निर्वाचित सांसद, समाजवादी पार्टी की सदस्या, फूलन देवी जी अब नहीं रहीं। आज दोपहर को जब वे घर जा रहीं थीं, तो उन पर कातिलाना हमला हुआ और उनकी वहीं पर मृत्यु हो गई। उन्हें जब होस्पिटल ले जाया गया, तो उन्हें मृत घोति किया गया। मैंने तुरन्त कमिश्नर आफ पुलिस से सम्पर्क किया, जो उस समय वहां गए हुए थे। बाद में उन्होंने फोन करके बताया, उनकी सूचना के अनुसार, जो प्राथमिक सूचना है, वे जब वहां पहुंचीं, तो वहां पर एक मारुति कार में तीन लोग बैठे हुए थे। तीनों के मुंह पर पट्टी बन्धी हुई थी। ड्राइवर भी उनमें से एक था। उन्होंने निकलकर एकदम इन पर गोली चलाना शुरु किया। इनके साथ जो अंगरक्षक थे, उन्होंने वापिस गोली चलाई और फिर उस अंगरक्षक पर भी हमला हुआ। मेरी जानकारी के अनुसार, जो कमिश्नर आफ पुलिस ने दी है, अंगरक्षक इस समय हास्पिटल में है। वह सैमी-कांशियस है और बोलने की स्थिति में नहीं है। लेकिन प्रयत्न हो रहा है कि अगर वह बच जाए, तो उससे और जानकारी मिल सके। अभी तक की जो जानकारी है, वह इतनी ही है। इन्वैस्टीगेशन्स और चल रहे हैं। प्राथमिक सूचना के अनुसार उन्होंने अपनी कार, जिस मारुति कार में वे आए थे, वह वहीं छोड़ दी और लगता है कि पहले से उनकी योजना थी, क्योंकि कार को ट्रेस करना आसान है, एक थ्री-व्हीलर स्कूटर को लेकर उसमें चले गए हैं

ये सारी कमिश्नर ऑफ पुलिस ने जो मुझे ओरली जानकारी दी तो मुझे लगा कि मैं सदन को उसके आधार पर सूचित करूं।

MR. SPEAKER: The House may now stand in silence for a short while.

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) : महोदय, शोक प्रस्ताव तो होगा, औपचारिकताएं तो होंगी।

MR. SPEAKER: Today, we will observe silence, and we will be making obituary reference tomorrow.

श्री मुलायम सिंह यादव : जैसे आप कहिए।

MR. SPEAKER: The House may stand in silence for a short while as a mark of respect to the memory of the departed soul.

(The Members then stood in silence for a short while.)

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 26th of July, 2001 at 11.00 a.m.

1506 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, July 26, 2001/Sravana 4, 1923 (Saka).